BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD, PATNA

REGISTRATION FORM

Intermediate Examination

SESSION – 2022 -24

सूचीकरण आवेदन पत्र भरे जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश

(क) *विवरणों/फोटोग्राफ की शुद्धता के संबंध में अत्यावश्यक निर्देश :–*

(i). आवेदन पत्र में छात्र–छात्रा/माता/पिता के नाम; विषय; लिंग; वैवाहिक स्थिति; तथा जाति कोटि पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे।

(ii). आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा का सही रंगीन फोटोग्राफ लगाया जाए एवं सही हस्ताक्षर अंकित किया जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर संबंधी त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सही फोटोग्राफ/हस्ताक्षर उपलब्ध रहे।

(iii). छात्र/छात्रा, अभिभावक तथा शिक्षण संस्थान के प्रधान उपर्युक्त कंडिका (i) में निर्दिष्ट विवरणों एवं कंडिका (ii) में निर्दिष्ट फोटोग्राफ/हस्ताक्षर की शुद्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगें, अन्यथा भविष्य में त्रुटि रह जाने एवं उसके दुष्परिणामों के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

(ख) *अन्य निर्देश :–*

(i). छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र के विहित स्तंभ में अपना वैध (Valid) मोबाईल नं० एवं ई–मेल आई०डी० ही अंकित किया जाए।

(ii). एक मोबाईल नं० का उपयोग एक ही छात्र/छात्रा के सूचीकरण आवेदन पत्र भरने हेतु किया जा सकता है।

(iii). आवेदन पत्र के क्रम संख्या 25, 26 एवं 27 को छोड़कर सभी विवरणों को भरा जाना अनिवार्य (Compulsory) है।